(17)

# शासकीय महाविद्यालय घरघोड़ा
## जिला - रायगढ़ (छ.ग.)

विभाग - भूगोल सत्र - 2022-23

# भौगोलिक भ्रमण

## :- प्रतिवेदन :-

स्थान - अमरकंटक (म.प्र.)

दिनांक - 04/02/2023 से 06/02/2023

---

**प्रस्तावना :-** भूगोल मे भौगोलिक भ्रमण का विशेष महत्व है। भूगोल एक प्रयोगात्मक विषय है जिसमे विद्यार्थी देखकर व कल्पना करके अनुभव के आधार पर सीखता है। महाविद्यालय मे भूगोल विषय की पाठ्यक्रमानुसार कक्षा कार्य तो होता ही है लेकिन इसके अतिरिक्त देखकर, समझकर सीखने का भी कार्य विद्यार्थियो द्वारा किया जाता है। शिक्षण की इसी व्यवस्था को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष महाविद्यालय द्वारा बी.ए. अंतिम के विद्यार्थियो को शैक्षणिक भ्रमण हेतु बहुत ही विशिष्ट स्थान ले जाने का निर्णय लिया गया।

सत्र 2022-23 के लिए दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत मध्य भारत का विश्व-प्रसिद्ध पर्यटन स्थल "अमरकंटक" घुमने का भ्रमण किया गया। मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के सीमारेखा मे स्थित अमरकंटक, जो मूल रूप से म.प्र. मे स्थित है, यह भारत के सबसे प्रमुख पर्यटन स्थलों मे से एक है। यहाँ प्रतिवर्ष हजारो सैलानी भ्रमण के लिए आते है।

① विद्यार्थियों का अध्ययन व शोध के प्रति रूचि जागृत होगी।
② विद्यार्थी पर्यावरण के महत्व व प्राकृतिक सुंदरता के जान पाएंगे।
③ विद्यार्थियों के भौगोलिक ज्ञान के साथ-साथ सामाजिक गुणों का विकास होगा।
④ विद्यार्थीगण मध्यप्रदेश का सबसे सुंदर पर्यटन स्थल अमरकंटक का भ्रमण कर ज्ञान अर्जित कर पाएंगे।
⑤ अमरकंटक की प्राकृतिक खूबसूरती से रूबरू हो पाएंगे।
⑥ अमरकंटक स्थित नर्मदा नदी व सोन नदी के उद्गम स्थल से अवगत हो पाएंगे।
⑦ अमरकंटक स्थित विभिन्न हिन्दु मंदिर व जैन मंदिरों का दर्शन कर विद्यार्थियों का आध्यात्मिक ज्ञान हो पाएगा।
⑧ अमरकंटक पर्यटन स्थल की भौगोलिक स्थिति व जलवायु का ज्ञान हो पाएगा।

## * भौगोलिक अध्ययन की रूपरेखा :-

शासकीय महाविद्यालय घरघोड़ा के बी॰ए॰ अंतिम वर्ष के नियमित विद्यार्थियों को इस सत्र 2022-23 में शैक्षणिक भ्रमण हेतु अमरकंटक (म॰प्र॰) ले जाने की कार्ययोजना बनाया गया।

महाविद्यालय के कुल 54 विद्यार्थियों को भ्रमण में ले जाने हेतु पंजीकृत किया गया। तथा महाविद्यालय के चार प्राध्यापक एवं कर्मचारी भी साथ में ~~जान~~ गए जिसमें एक महिला कर्मचारी भी साथ मे थी। यह दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण दिनांक 04/02/2023 से 06/02/2023 के बीच संपन्न हुआ। सभी विद्यार्थियों को भ्रमण पूर्व सुरक्षा संबंधी सभी निर्देश दे दिए गए थे। विद्यार्थियों से अपने

पालकों के द्वारा भ्रमण हेतु सहमति प्रमाण पत्र भी ले लिया गया। भ्रमण हेतु एक बड़ी बस और एक SUV (Bolero Plus) की व्यवस्था की गई थी।

भ्रमण मे जाने हेतु सभी विद्यार्थियों को महाविद्यालय रात 8.00 बजे तक बुला लिया गया था। दिनांक 04/02/2023 को रात 11.00 बजे के आसपास सभी विद्यार्थीगण महाविद्यालय स्टाफ के साथ भ्रमण के लिए निकले। रास्ते मे घने जंगलो से होते हुए यात्रा बहुत ही अच्छी थी। छाल, कोरबा, कटघोरा, और पेण्ड्रा होते हुए सुबह 8.00 बजे हम सभी अमरकंटक पहुंचे। यात्रा करते समय सभी बच्चों ने इसका भरपूर आनंद लिया।

अमरकंटक पहुंचने का रास्ता घाटियों से होकर जाता है, घाटी बहुत संकरी व मोडदार है। यात्रा करते समय चालक ने बड़ी सावधानी से बस का चालन किया, यह सफर निश्चय ही रोमांचक व आनंदित करने वाला था। अमरकंटक पहुंचते ही सभी बच्चों को निर्देशित किया गया कि वे नित्यकर्म व स्नान कर लें तत्पश्चात आगे भ्रमण हेतु प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। सभी बच्चों ने सुलभ शौचालय से स्नान कर 10.00 बजे तक पूरी तैयारी कर लिया। इसके पश्चात सुबह का नाश्ता कर सभी बच्चे व स्टॉफ नर्मदा नदी का उद्गम देखने गए। शाम होते होते अमरकंटक स्थित सभी दर्शनीय स्थलों का भ्रमण किया गया। यहां स्थित सारे प्रमुख दर्शनीय स्थलों का विवरण निम्नलिखित है-

① नर्मदा कुंड और मंदिर -

यह नर्मदा नदी का उद्गम स्थल है यह उद्गम स्थल 16 प्राचीन पत्थर के मंदिरों से घिरा हुआ है। इस परिसर के मुख्य मंदिरों

में नर्मदा मंदिर, भगवान शिव मंदिर श्री राधा कृष्ण मंदिर आदि है। यह मंदिर दर्शनार्थियों को शाश्वत शांति व साकार (मकृत) के विचारों से तल्लीन करता है। यह मंदिर प्रांगढ धार्मिकता की मिसाल कायम करता है।

② सोनमुडा –

पहाड़ी ढलानों पर स्थित यह स्थान सोननदी का उद्गम स्थल है। यहाँ जलधारा सुनहरे रंग की जलधारा के रूप में बहती है। सोनमुड़ा घाटी का ऊपरी भाग है जहाँ से सोन नदी पतली धारा के रूप मे नीचे गिरती है. यहा विद्यार्थियों ने प्राकृतिक के अलौकिक दृश्यों का आनंद लिया। यह जलधारा लगभग 100 फीट ऊपर से नीचे जलप्रपात के रूप मे गिरती है।

③ श्री यन्त्र मंदिर –

अमरकंटक स्थित यंत्र मंदिर भारत के कुछ विशेष मंदिरों मे से एक है जिसका निर्माण विशेष नक्षत्र मे किया गया। इस मंदिर के मुख्य द्वार पर चार मुख वाली विशाल मुर्ति स्थापित है जो देवी लक्ष्मी, देवी सरस्वती, मां काली व मां भुवनेश्वरी को समर्पित है।

④ माई की बगिया –

सोनमुडा से आगे चलकर विद्यार्थीगण माई की बगिया मे पहुंचे। यह स्थान बड़े बड़े वृक्षों से घिरा हुआ बहुत ही मनोरम दिखाई देता है. पुरानी मान्यता है कि इस स्थान मां नर्मदा 12 वर्ष की किसी बालिका के रूप में अवतार लेकर अपनी सहेली बकावलि के साथ यहाँ खेलती थी।

⑤ कपिल धारा –

जंगली व पहाडी रास्तों से होते हुए हम सभी कपिल धारा जलप्रपात पहुंचे। यह जलप्रपात बहुत ही मनोरम दृश्य प्रकट करता है। कल-कल करते हुए व तीव्र आवाज के साथ यह झरना

अलौकिक दृश्य प्रकट करता है। यह स्थान महामुनि कपिल को समर्पित है। इसलिए इसको कपिल धारा कहते हैं।

⑥ दुग्ध धारा :-

कपिल धारा से आगे बढ़ने पर लगभग २०० मीटर की दूरी पर दुग्ध धारा स्थित है। यह जलप्रपात दुग्ध जैसे सफेद प्रतीत होता है, जिसके कारण ही इसका यह नाम पड़ा। यहाँ कई प्राकृतिक गुफाएँ भी है जहाँ शिव मंदिर स्थापित है। हम सभी ने अति आनंदित होकर इसके दर्शन किए।

⑦ सर्वोदय जैन मंदिर -

श्री सर्वोदय दिगम्बर जैन मंदिर वास्तव में प्रथम तीर्थंकर भगवान श्री आदिनाथ को समर्पित है। यह मंदिर अभी निर्माणाधीन है। अत्यंत भव्य एवं अद्वितीय निर्माण शैली है इस मंदिर की। राजस्थान के संगमरमर से इसका निर्माण किया जा रहा है। सभी विद्यार्थियों ने इस मंदिर प्रांगण मे बैठकर शांति का अनुभव किया।

⑧ कलचुरी काल के प्राचीन मंदिर -

अमरकंटक स्थित 1042-1072 ई. में कलचुरी राजा कर्णदेव की देखरेख मे निर्मित यह मंदिर बहुत प्रसिद्ध है। ये मंदिर कलचुरी वास्तुकला का नायाब नमुना है। नर्मदा मुख्य मंदिर के पीछे स्थित इस मंदिर का संरक्षण वर्तमान मे भारतीय पुरातत्व विभाग कर रहा है।

* अंतिम निष्कर्ष :- निश्चय ही सभी विद्यार्थियों ने इस शैक्षणिक भ्रमण का पूरा आनंद उठाया। यह स्थल ऐतिहासिक होने के साथ-साथ प्राकृतिक सुंदरता से सराबोर है। यह भ्रमण हम सभी के लिए अत्यंत यादगार रहा।

's Signature............................

# कार्यालय प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय घरघोड़ा, जिला–रायगढ़ (छ.ग.)

नैक द्वारा "सी" ग्रेड मुल्यांकित

Email Id – pgncg2008@gmail.com Website - http://govtcollegegharghoda.in/


## शैक्षणिक भ्रमण
बी.ए. तृतीय वर्ष 2022–23
स्थान – अमरकंटक (म.प्र.)
दिनांक – 04/02/2023 से 06/02/2023 तक

| क्र. | अधिकारी एवं कर्मचारी के नाम | भ्रमण के लिए प्रस्थान का दिनांक – 04.02.2023 समय – 11:45PM | भ्रमण से आगमन का दिनांक – 06.02.2023 समय – 5.00 AM |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री संतोष देवांगन | Sdewangan | Sdewangan |
| 2 | श्री अजय कुमार | [signature] | [signature] |
| 3 | श्री नीलकमल नीराला | [signature] | [signature] |
| 4 | सुश्री शिवानी सोनी | [signature] | [signature] |

| क्र. | विद्यार्थियों के नाम | भ्रमण के लिए प्रस्थान का दिनांक – 04.02.2023 समय – 11:45PM | भ्रमण से आगमन का दिनांक – 06.02.2023 समय – 5.00 AM |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमा सिदार | Seema | Seema |
| 2 | झरना मालाकार | झरना मालाकार | झरना मालाकार |
| 3 | दीपिका राठिया | दीपिका राठिया | दीपिका राठिया |
| 4 | नमिता राठिया | नमिता राठिया | नमिता राठिया |
| 5 | पूजा पटेल | पूजा पटेल | पूजा पटेल |
| 6 | अक्षय बेहरा | अक्षय | Akshay |
| 7 | अखिलेश प्रधान | Apradhan | Apradhan |
| 8 | युगल किशोर राठिया | युगल किशोर | युगल किशोर |
| 9 | सरिता पैंकरा | सरिता | सरिता |
| 10 | नीलेश्वरी चौहान | नीलेश्वरी चौहान | नीलेश्वरी चौहान |
| 11 | गंगावती साहु | गंगावती साहु | गंगावती साहु |
| 12 | जमुना साहु | जमुना साहु | जमुना साहु |
| 13 | मनकुंवर राठिया | [signature] | [signature] |
| 14 | सुनिता निषाद | Nishad | Nishad |
| 15 | सरोज राठिया | Rathia | [signature] |
| 16 | हुलस सारथी | [signature] | [signature] |
| 17 | गुंजा राठिया | [signature] | [signature] |
| 18 | अजय राठिया | Ajay | Ajay |
| 19 | अंजली चौहान | अंजली चौहान | अंजली चौहान |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 20 | सुनिता राठिया | सुनिता राठिया | सुनिता राठिया |
| 21 | ज्योति पटेल | ज्योति पटेल | ज्योति पटेल |
| 22 | नंदनी पटेल | Nandnipatel | Nandnipatel |
| 23 | दिव्या पटेल | दिव्या पटेल | दिव्या पटेल |
| 24 | दीपक पैंकरा | Dpainkra | Dpaikra |
| 25 | दिलीप प्रधान | Dilep | Dilep |
| 26 | हरिशंकर साहु | हरिशंकर | हरिशंकर |
| 27 | ठनेशवरी राठिया | Rathiya | Rathiya |
| 28 | रिंकी राठिया | Rinky | Rinky |
| 29 | उमा भारती राठिया | उमाभारती | उमाभारती |
| 30 | सिमरन साहू | सिमरन साहु | सिमरन साहु |
| 31 | ईश्वरी राठिया | Rathiya | Rathiya |
| 32 | करीना पैंकरा | Karina Painkra | Karina Painkra |
| 33 | नैना राठिया | Naina | Naina |
| 34 | प्रीति गुप्ता | प्रीति गुप्ता | प्रीति गुप्ता |
| 35 | गौतम गुप्ता | Gupta | Gupta |
| 36 | रचना निषाद | रचना | रचना |
| 37 | कविता निषाद | Kavita | Kavita |
| 38 | अनिषा ~~निषाद~~ सूर्यवंशी | Asvi | Asvi |
| 39 | नीलम पैंकरा | नीलम पैंकरा | नीलम पैंकरा |
| 40 | होलिका पैंकरा | होलिका पैंकरा | होलिका पैंकरा |
| ~~41~~ | ~~सीमा प्रधान~~ | | |
| 42 | फुलकुमारी राठिया | फूलकुमारी राठिया | फूल कुमारी राठिया |
| 43 | डिम्पल तिर्की | Dimple Tirkey | Dimple Tirkey 7415920[illegible] |
| 44 | कुन्तिमा राठिया | कुन्तीमा राठिया | कुन्तीमा राठिया |
| 45 | देवकुमारी महंत | देवकुमारी महन्त | देवकुमारी |
| ~~46~~ | ~~रीना कंसे~~ | | |
| 47 | प्रफुल्ल प्रधान | Prafull | Prafull |
| 48 | धर्मराज प्रधान | Dhp | Dhp |
| 49 | सागर कुमार सिदार | सागर कुमार | सागर कुमार |
| 50 | परमानंद यादव | परमानन्द यादव | परमानन्द यादव |
| 51 | मदन पटेल | मदन पटेल | मदन पटेल |
| 52 | सतीश राठिया | Satish. | Satish. |
| 53 | सरिता ~~सन्ध्या~~ पैंकरा | Spainkra | Spainkra |
| 54 | निर्मला पैंकरा | Npainkra | Npainkra |
| 55 | अमन चौहान | Aman | Aman |
| 54 | चेतन डनसेना | चेतन डनसेना | चेतन डनसेना |

दिनांक – 06 02 2023

विभागाध्यक्ष भूगोल
शासकीय महाविद्यालय घरघोड़ा
जिला – रायगढ़ (छ.ग.)


Nikon
OPPO F19S


05/02/2023 16:27


05/02/2023 17:11


05/02/2023 16:43